रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2621] नई दिल्ली, मंगलवार, सितम्बर 12, 2017/भाद्र 21, 1939
No. 2621] NEW DELHI, TUESDAY, SEPTEMBER 12, 2017/BHADRA 21, 1939

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 सितम्बर, 2017

का.आ. 2995(अ).— निम्नलिखित प्रारूप अधिसूचना, जिसे केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (3) के साथ पठित उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, जारी करने का प्रस्ताव करती है, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) की अपेक्षानुसार, जनसाधारण की जानकारी के लिए प्रकाशित की जाती है; जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना है, ; और यह सूचना दी जाती है कि उक्त प्रारूप अधिसूचना पर, उस तारीख से, जिसको इस अधिसूचना वाले राजपत्र की प्रतियां जनसाधारण को उपलब्ध करा दी जाती हैं, साठ दिन की अवधि की समाप्ति पर या उसके पश्चात् विचार किया जाएगा ;

ऐसा कोई व्यक्ति, जो प्रारूप अधिसूचना में अंतर्विष्ट प्रस्तावों के संबंध में कोई आक्षेप या सुझाव देने में हितबद्ध है, इस प्रकार विनिर्दिष्ट अवधि के भीतर, केन्द्रीय सरकार द्वारा विचार किए जाने के लिए, आक्षेप या सुझाव सचिव, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली-110003 या ई-मेल पते: esz-mef@nic.in पर लिखित रूप में भेज सकेगा।

प्रारूप अधिसूचना

और, अक्षांश 26°56'15.08" उत्तर और 26°57'5.81" उत्तर तथा देशांतर 75°48' 55.70" पूर्व और 75°46'54.65" पूर्व के मध्य और राजस्थान सरकार की अधिसूचना सं. एफ. 11(39) राजस्व/8/80 तारीख 22 सितम्बर, 1980 द्वारा अधिसूचित नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य जिला जयपुर, राजस्थान की अम्बर पहाड़ियों पर अरावली पर्वतमाला में स्थित है और 52.40 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है ;

और, चैम्पियन और सेठ वर्गीकरण के अनुसार अभयारण्य में 'उष्णकटिबंधी शुष्क पर्णपाती वन' और 'उष्णकटिबंधी कंटक वन' हैं और वन अनेक भू-वैज्ञानिक तथा मृदा निर्मितियों और अरावली के पहाड़ी भू-भागों में फैला हुआ है और इसीलिए उसकी संरचना में भिन्नता है ;

और, वन्यजीव अभयारण्य में विविध वनस्पतियों एवं जीव-जन्तु के लिए आश्रय है और मुख्य वनस्पति सालार (*बोसवेलिया सेर्राटा*), गुर्जान (*लिनीएया ग्रेडिस सिन्. एल. कोरोमैंगेलिका*), तेंदु (*डिस्पिरोस मेलेनोक्सिलोन*), कर्या (*स्टरकुलीया यूरेंस*), गुगल (*कमिफोरा मुकुल*), अमलतास (*कैसिया फ़िस्टुला*), अवाला (*एम्बेलिका ऑफिसिनलिंस*), बिन्नस (*हेस्परथुसा क्रेनुलाटा*), उम (*सीकोपोटेल्म टोमेंटोसा*), गोया खीर (*डिस्ट्रोस्टाची सिनीरिया*), सैनेजा (*मारिंगा पेटीरागोस्पार्मा*), धाक (*ब्यूटेया मोनोस्पर्म*), राहन (*सोयदमिदा फबरग्यूगा*), मोखा

(*स्केरेब्रा स्वेटेनाइडेस*), रोहिणी (*मल्लटस फ़िलिपेंनीसिस*), बेर (*ज़िज़फस जुजुबा, ज़मॉरिटीयाना*), जामुन (*सायजीगुइम कुमिनी*), गुलर (*फ़िकस ग्लोमेरेटा*), कदम (*मितोजायना परविपोलिया*), बहिरा (*टर्मिनलिया बेल्लेरिका*), धोरा (*एनोजीसस लैटिफ़ोलिया*), खजूर (*फीनिक्स सिवेस्ट्रिस*), हिंगोट (*बैलानाइट्स इजिप्टिका*), खैर (*अकाकिया केटैचु*), सेवन (*गमेलिया अर्बोरिया*), अर्जुन (*टर्मिनलिया अर्जुना*), नीम (*अजादिरचट्टा इंडिका*), पीपल (*फिकस रेलिगियोसा*), बरगद (*फिकस बेंगलेंसिस*), शिशम (*डाल्बर्गिया सीससो*), बिजसल (*पटरोकारपस मरसुपियस*), काकोन (*फ्लैकॉरिटा इंडिका*), खरीनी (*राइटिया टिन्टोरिया*), दुधी (*राइटिया टोमेंटोसा*), झिंझा (*बाउनीया रिसेमोसा*), कासियारिया (*कासियारिया टोमेंटोसा*), बार्न (*क्रिएटेवा रेलीग्यूसा*), बेल (*एजेले मर्मलोस*), रोंज (*अकाकिया मर्मलोस*), लिसोरा (*कॉर्डिया मायक्सा*), चूरेल (*होलोपटेलिया इंटरग्रिफ़ोइला*), आम (*मंगिफेरा अंडिका*), इमली (*तामारिंडस इंडिका*), कैथ (*लिमोनिया एसिडिसिमा*), सिरीस (*अल्बिजिया लेबके*), सेमल (*बमबज सीरीबा*), सेलास्ट्रास (*क्लिटस्ट्रस पॅनिकुलाटस*), आदि अभयारण्य की मुख्य वनस्पतियां है।

और, वन्यजीव अभयारण्य में विविध वनस्पतियों एवं जीव-जन्तु के लिए आश्रय है और मुख्य जीवजन्तु बीटा (*लोहियो रोहता*), कैटल (*कैटला कैटला*), ग्रेयई (*छाना मारुलीयन*), लांची (*वालगो ऑटो*), महशीर (*टोरटोर स्पा.*), मिरगल (*सर्चिन्स मारिगल*), रोहो (*लैबियो रोहिता*), सवंक (*छाना पंकटैटस*), सेनघारी (*मायटस सिंघालाल*), सामान्य भारतीय मेढ़क (*बुफो मेलानोस्टिक्टस*), सामान्य मेढ़क (राना टिग्रीना), बैंडेड करैत (*बगोरस फसीसैटस*), कोबरा (*नाजा नाजा*), सामान्य करैत (*बंगरस कैरियुलेस*), फ्रेश वॉटर ऑफ स्वैमप मगरमच्छ (*क्रोकॉडायलस पलुसट्रीस*), भारतीय अजगर (*पायथन मॉलुरुस*), उत्तर भारतीय फ्लैप शेल्लड कछुआ (*ल्यूसैमीस पंकटता पंक्टाटा*), रैट साँप (*पीटास म्यूकोस*), तेंदुआ (*पेंथेरा पार्डस*) आदि अभयारण्य की मुख्य जीव जन्तु है।

और, नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, पारिस्थितिकी और पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिकी संवेदी जोन के रूप में सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, अब, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (1), उपधारा (2) के खंड (v) और खंड (xiv) और उप-धारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजस्थान राज्य में नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के चारों ओर 0 से 13 किलोमीटर तक के विस्तारित क्षेत्र को नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिकी संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिकी संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :-

1. **पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं--**(1) नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन, की सीमा के चारों ओर 0 से 13 किलोमीटर के विस्तार के साथ 79.356 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला हुआ है। भारी शहरीकरण की ओर शून्य विस्तार है। अभयारण्य को विभाजित करके पारिस्थितिकी संवेदी जोन का मानचित्र और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमाएं **उपाबंध I (क)** और **I (ख)** में दिया गया है।

(2) संरक्षित क्षेत्र की सीमा और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भू-निर्देशांकों की सूची **उपाबंध II (क)** और **II (ख)** में दी गई है।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन का सीमा विवरण **उपाबंध III** में दिया गया है।

(4) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची प्रमुख बिन्दुओं के निर्देशांकों के साथ **उपाबंध IV** के रूप में उपाबद्ध है।

2. पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से, इस अधिसूचना में संलग्न अनुबंधों के सामंजस्य से आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) उक्त योजना राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित होगी।

(3) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट रूप में ऐसी रीति में राज्य सरकार तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के सामंजस्य में भी तथा केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देश, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी।

(4) यह महत्वपूर्ण संरक्षित क्षेत्रों में से ऐसा क्षेत्र है जो सरिस्का बाघ आरक्षित (एस.टी.आर.) तथा रणथंबोर बाघ आरक्षित (आर.टी.आर.) तक बिखरे तेंदुआ जैसे पशुओं के लिए टिकने का एक साधन सिद्ध हो सकता है और इसीलिए आचंलिक महायोजना तैयार करते समय उनके अतिरिक्त संरक्षण तथा जीर्णोद्धार के लिए क्षेत्रों विशेष रुप से पहाड़ी इलाकों के क्षेत्रों की पहचान के प्रयास किए जाने चाहिए।

(5) आचंलिक महायोजना, इसमें पर्यावरणीय और पारिस्थितिकी विचारों को समाकलित को करने के लिए राज्य के सभी संबद्ध विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात् :--

(i) पर्यावरण ;

(ii) वन;

(iii) शहरी विकास;

(iv) पर्यटन;

(v) नगरपालिक;

(vi) राजस्व;

(vii) कृषि;

(viii) राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड;

(ix) सिंचाई; और

(x) लोक निर्माण विभाग।

(6) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचनात्मक और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में और आचंलिक महायोजना में सभी अवसंरचना और अधिक प्रभावी और पारिस्थितिकी अनुकूल क्रियाकलाप कारक इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो ।

(7) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिकी और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(8) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, आर्किडों, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी ।

(9) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिकी संवेदी जोन में विकास के पारिस्थितिकी अनुकूल विकास और स्थानीय समुदयों की आजीविका को सुनिश्चित करते हुए विनियमित होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात् :--

(1) **भू-उपयोग -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजनों के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वाणिज्यिक और औद्योगिक संबद्ध विकास क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर कृषि भूमि का संपरिवर्तन, मानीटरी समिति की सिफारिश पर और राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए और पैरा 4 की सारणी के स्तंभ (2) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात होंगे, अर्थात् :-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा और सुदृढ बनाना तथा नई सड़कों का निर्माण;

(ii) पारिस्थितिकी अनुकूल पर्यटन क्रियाकलापों के लिए पर्यटकों के अस्थायी आवासन के लिए पारिस्थितिकी अनुकूल आरामगाह जैसे टेंट, लकड़ी के मकान आदि;

(iii) प्रदूषण कारित न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) वर्षा जल संचयन; और

(v) कुटीर उद्योग जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग, सुविधा भंडार और स्थानीय सुख-सुविधाएं हैं:

परंतु यह और कि जनजातीय भूमि का उपयोग राज्य सरकार क्षेत्रीय नगर योजना अधिनियम और अन्य नियमों तथा विनियमों के अधीन सक्षम अधिकारी के पूर्व अनुमोदन और संविधान के अनुच्छेद 244 या तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, के अनुपालन के बिना, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में पाई जाने वाली कोई त्रुटि मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को सूचना देनी होगी :

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि के संशोधन में इस उप पैरा के अधीन यथा उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे।

(2) **प्राकृतिक जल-स्रोत --** आंचलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों की पहचान की जाएगी और उनके संरक्षण और पुनर्नवीकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी और राज्य सरकार द्वारा ऐसे क्षेत्रों पर या उनके निकट विकास क्रियाकलाप प्रतिषिद्ध करने के लिए ऐसी रीति से मार्गनिर्देश तैयार किए जाएंगे जिससे कि उन क्षेत्रों में या इसके समीप विकास क्रियाकलाप को रोका जा सके जो ऐसे क्षेत्र के लिए हानिकारक हैं।

(3) **पर्यटन –** (क) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप, पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे, जो आंचलिक महायोजना का भाग होंगे।

(ख) पर्यटन महायोजना राजस्थान सरकार के पर्यटन विभाग द्वारा राजस्व और वन विभाग राजस्थान सरकार के परामर्श से तैयार की जाएगी।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी।

(घ) पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात् :-

(i) होटलों और रिर्सोटों का नया संनिर्माण नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 1 कि.मी. के भीतर या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, अनुज्ञात नहीं किया जाएगा । तथापि, वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से 1 कि.मी. की दूरी से परे, पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक नए होटलों और रिर्सोटों की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिकी पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व सीमांकित और पदाभिहित क्षेत्रों में ही अनुज्ञात की जाएगी ।;

(ii) पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों का विस्तार केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा मार्गदर्शक सिद्धांतों के तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, द्वारा जारी पारिस्थितिकी पर्यटन (समय-समय पर यथा संशोधित) मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार, पारिस्थितिकी पर्यटन पर बल देते हुए होगा;

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया जाएगा।

(4) **निगरानी समिति –** पहली निगरानी समिति की अवधि के पूरा होने पर, राज्य सरकार केंद्रीय सरकार को संदर्भित किए बिना पैरा 5 में दी गई संरचना के अनुसार बाद में निगरानी समितियों का पुन: गठन करेगी।

(5) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और उन्हें परिरक्षित किया जाएगा तथा उनकी सुरक्षा और संरक्षा के लिए इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह मास के भीतर, उपयुक्त योजना बनाएगी जायेगी और ऐसी योजना आंचलिक महायोजना का भाग होगी।

(6) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों और अहातों की पहचान की जाएगी और इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से छह माह के भीतर उनके संरक्षण की योजनाएं तैयार की जाएगी तथा आंचलिक महायोजना में सम्मिलित की जाएंगी।

(7) **ध्वनि प्रदूषण** – राज्य सरकार का पर्यावरण विभाग या राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिए विनियम क्रियान्वित किया जाएगा।

(8) **वायु प्रदूषण** – वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 4) और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार पारिस्थितिकी संवेदी जोन में वायु प्रदूषण के नियंत्रण के विनियमों का अनुपालन किया जायेगा।

(9) **बहिस्राव का निस्सारण -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण पर्यावरणीय (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अंतर्गत शामिल पर्यावरणीय प्रदूषकों के निस्सारण के लिए सामान्य मार्गदर्शक सिद्धांतों के अनुसार किया जायेगा।

(10) **ठोस अपशिष्ट --** ठोस अपशिष्टों का निपटान निम्नलिखित रूप में होगा--

(i) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण, समय-समय पर संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ) तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

(ii) अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिकी संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा;

(11) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में समय-समय पर यथा संशोधित जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(i) पारिस्थितिकी संवेदी जोन में कोई साझा उपचार सुविधा या भस्मीकरण अनुज्ञात नहीं की जाएगी।

(12) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(13) **निर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिकी संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा प्रकाशित ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(15) **यानीय यातायात -** यातायात की यानीय गतिविधियां आवास के अनुकूल रीति से विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विशेष उपबंध समाविष्ट किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी के द्वारा अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों और उसके अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार गतिविधियों के अनुपालन को मानीटरी करेगी ।

(16) **यानीय प्रदूषण:-** लागू विधियों के अनुसार वाहन प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा और स्वच्छक ईंधन के उपयोग के लिए किए गए प्रयास उदाहरण के लिए सीएनजी, एलपीजी, आदि किए जायेंगें ।

(17) **औद्योगिक इकाइयां .–** (क) प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योगों का स्थापन्न, विधि के अनुसार स्थापित विद्यमान काष्ठ आधारित उद्योग के सिवाय अनुज्ञात नहीं किए जाएंगे ।

(ख) प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर जल, वायु, मृदा, ध्वनि प्रदूषण के कोई नए उद्योग का स्थापन्न नहीं किया जाएगा ।

4. पारिस्थितिकी संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिकी संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 और वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	**क्रियाकलाप**	**टीका-टिप्पणी**
(1)	(2)	(3)
	प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर की खदान, उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी प्रकार के नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संनिर्माण या मरम्मत के लिए धरती को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइल्स या ईंटों का निर्माण करना भी सम्मिलित है, के सिवाय नहीं होंगी ;

		(ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत सरकार के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सी) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत सरकार के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के अनुसरण में सर्वदा प्रचालन होगा।
2.	आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नई और विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
3.	जल या वायु या मृदा या ध्वनि प्रदूषण करने वाले उद्योगों की स्थापना।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के भीतर नए और विद्यमान प्रदूषणकारी करने वाले उद्योग का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा।
4.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
5.	नए बृहत जल विद्युत और सिंचाई परियोजनाओं की स्थापना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
6.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
7.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिस्राव और ठोस अपशिष्टों का निस्सारण।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
8.	नए काष्ठ आधारित उद्योग।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमाओं के भीतर नए काष्ठ आधारित उद्योग की स्थापना को अनुज्ञात नहीं किया जाएगा : परंतु विद्यमान नए काष्ठ आधारित उद्योग विधि के अनुसार चालू रह सकते हैं।
9.	मत्स्य ग्रहण।	सभी जल निकायों, जिनके अंतर्गत औरई और नाहरगढ़ बांध है, में मत्स्य-ग्रहण पर पूर्ण प्रतिबंध होगा।
10.	प्लास्टिक के थैलों का उपयोग।	तत्काल प्रभाव से प्रतिषिद्ध होंगे।
11.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
विनियमित क्रियाकलाप		
12.	होटलों और रिसोर्टों का स्थापन।	पारिस्थितिकी अनुकूल पर्यटन क्रियाकलाप से संबंधित पर्यटकों के अस्थायी अधिभोग के लिए वास सुविधा के सिवाय संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर तक या पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक इनमें जो भी निकट है, नये वाणिज्यिक होटल और रिसोर्ट अनुज्ञात नहीं होंगे। परंतु, जहाँ पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार एक किलोमीटर से ज्यादा है वहाँ, एक किलोमीटर से परे और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार तक सभी नए पर्यटक क्रियाकलाप या विद्यमान क्रियाकलाप का विस्तार पर्यटन महायोजना और राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण के अनुसार होगा।
13.	संनिर्माण क्रियाकलाप।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा के 1 किलोमीटर के भीतर किसी भी प्रकार का कोई नया वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगाः परन्तु यह कि स्थानीय निवासियों को उनकी घरेलू आवश्यकताओं, जिनके अंतर्गत पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलाप भी हैं, के लिए अनुज्ञात किया जाएगा : परन्तु यह और कि प्रदूषण न फैलाने वाले उद्योगों से संबंधित संन्निर्माण क्रियाकलाप यथा लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से विनियमित होंगे और न्यूनतम पर रखे जाएंगे। (ख) 1 किलोमीटर के आगे और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के विस्तार

		तक सदभवी बोना फाइड स्थानीय आवश्यकताओं के लिए संनिर्माण अनुज्ञात किया जाएगा और अन्य संनिर्माण क्रियाकलाप आंचलिक महायोजना के अनुसार विनियमित होंगे।
14.	वृक्षों की कटाई।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर या वनों में किन्ही वृक्षों की कटाई नहीं होगी। (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केन्द्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी। (ग) आरक्षित वनों और संरक्षित वनों के मामले में कार्ययोजना आदेशों का अनुसरण किया जाएगा।
15.	वाणिज्यिक जल संसाधन जिसके अंतर्गत भू-जल संचयन भी है।	(क) भूमि के अधिभोगी के वास्तविक कृषि और घरेलू खपत के लिए जल का सतही और भूमिगत जल निष्कर्षण अनुज्ञात होगा। (ख) औद्योगिक या वाणिज्यिक उपयोग के लिए सतही और भूमिगत जल के निष्कर्षण के लिए संबंधित विनियामक प्राधिकारी से पूर्व लिखित अनुज्ञा अपेक्षित होगी जिसके अंतर्गत कितने परिणाम में वह निष्कर्षण करेगा, भी है। (ग) सतही या भूजल का विक्रय अनुज्ञात नहीं होगा। (घ) किसी भी स्त्रोत से, जिसके अंतर्गत कृषि भी है, जल के संदूषण या प्रदूषण को रोकने के लिए सभी उपाय किए जाएंगे।
16.	विद्युत केबलों और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबलों के बिछाए जाने और अन्य बुनियादी ढांचे।	रेलवे लाइनों के अतिरिक्त लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे। भूमिगत केबल के बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
17.	होटलों और लॉज के विद्यमान परिसरों में बाड़ लगाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
18.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण।	यथा लागू उचित पर्यावरण समाघात निर्धारण और न्यूनीकरण उपायों के साथ किया जाएगा।
19.	रात्रि में यानिक यातायात का संचलन।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे।
20.	विदेशी प्रजातियों को लाना।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
21.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
22.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण।	उपचारित बहिर्स्राव के पुनचक्रण को प्रोत्साहित करना और अवमल या ठोस अपशिष्टों के निपटान के लिए विद्यमान विनियमों का अनुपालन करना होगा।
23.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
24.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग।	पारिस्थितिकी संवेदी जोन में देशीय माल से उत्पादों का उत्पादन करने वाले गैर प्रदूषण, गैर परिसंकटमय, लघु और सेवा उद्योग, कृषि उद्यान, कृषि या कृषि आधारित देशीय माल से औद्योगिक उत्पादों का उत्पादन उद्योग जो पर्यावरण पर कोई विपरीत प्रभाव नहीं डालते हैं, अनुज्ञात किए जाएंगे।
25.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी)।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
26.	वायु और यानीय प्रदूषण।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
27.	कृषि प्रणाली में प्रबल बदलाव।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
28.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
29.	जैव-चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।
30.	पारिस्थितिकी-पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे।

31.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप जैसे गर्म वायु गुब्बारें, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस और अन्य पर्यटन क्रियाकलाप आदि द्वारा पारिस्थितिकी संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना जैसे क्रियाकलाप करना।	वन विभाग द्वारा सरकारी मानीटरी/सर्वेक्षण के अधीन प्रतिषिद्ध होंगे।
	संवर्धित क्रियाकलाप	
32.	डेयरी, डेयरी उद्योग और मत्स्य उद्योग के साथ स्थानीय समुदायों द्वारा चल रही कृषि और बागवानी गतिनिधियां।	लागू विधियों के अधीन अनुज्ञात होंगे।
33.	वर्षा जल संचयन।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।
34.	जैविक खेती।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।
35.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।
36.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।
37.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत का उपयोग।	बायोगैस, सौर ऊर्जा इत्यादि को बढ़ावा दिया जायेगा।
38.	कृषि वानिकी।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।
39.	पर्यावरणीय जागरुकता।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।
40.	कौशल विकास।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।
41.	निम्नीकृत भूमि/वन/आवास की बहाली।	सक्रिय रूप से बढावा दिया जाएगा।

5. मानीटरी समिति- (1) केंद्रीय सरकार, राजस्थान राज्य के अंतर्गत पारिस्थितिकी संवेदी जोन के प्रभावी मानीटरी के लिए एक मानीटरी समिति गठित करती है जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी, अर्थात् :-

i.	जिला कलेक्टर, जयपुर	- अध्यक्ष;
ii.	उपखंड अधिकारी, आमेर	– सदस्य;
iii.	पर्यावरण के क्षेत्र में राजस्थान सरकार द्वारा तीन वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट किसी गैर सरकारी संगठन का प्रतिनिधि	- सदस्य;
iv.	पारिस्थितिकी और पर्यावरण के क्षेत्र में प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए राजस्थान सरकार द्वारा नामनिर्दिष्ट एक विशेशज्ञ	– सदस्य;
v.	अवैतनिक वन्यजीव वार्डन, जयपुर	– सदस्य ;
vi.	क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड	– सदस्य;
vii.	मेयर, जयपुर नगर निगम	– सदस्य;
viii.	प्रधान, पंचायत समिति, आमेर	–सदस्य;
ix.	राज्य जैव विविधता बोर्ड का सदस्य,	- सदस्य;
x.	उप वन संरक्षक (वन्यजीव), जयपुर	– सदस्य-सचिव।

6. निर्देश निबंधनः

(1) मानीटरी समिति का कार्यकाल इस अधिसूचना जारी होने की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा।

(2) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी।

(3) मानीटरी समिति उन क्रियाकलापों को अनुज्ञात नहीं करेगी जो भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचनाओं अर्थात् पर्यावरण प्रभाव निर्धारण, 2006 का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 द्वारा और तटीय विनियमन जोन का.आ. 19(अ), तारीख 6 जनवरी, 2011 और इनमें किए गए पश्चात्वर्ती संशोधनों की अनुसूची के अंतर्गत आते हैं और पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत भी आते हैं जिनके अंतर्गत इसके पैरा 4 के अधीन सारणी में यथाविनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप भी हैं। श्वेत प्रवर्ग के उद्योगों पर "उद्योगों के वर्गीकरण, 2016" के लिए केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों में विनिर्दिष्ट किए गए अनुसार विचार किया जाएगा।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन सारणी में यथा विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिकी संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबंधित कलेक्टर या संबधित मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) ऐसे व्यक्ति के विरुद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 19 के अधीन परिवाद दायर करने के लिए सक्षम होगा।

(6) मानीटरी समिति मुद्दों के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधि प्रति मुद्दे की अपेक्षाओं के अनुसार विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन को **उपाबंध V** पर उपाबद्ध प्रारूप पर 30 जून तक प्रस्तुत करेगी।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी बनाने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे।

8. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन, होंगे।

[फा. सं. 25/60/2015-ईएसजेड/आरई]

ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I क

नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के ब्यौरे दर्शित करने वाला मानचित्र



उपाबंध I ख


ECO-SENSITIVE ZONE
NAHARGARH WILDLIFE SANCTUARY
RAJASTHAN
0 2.5 5 km
N
W
E
S
75°45'0"E
75°50'0"E
75°55'0"E
76°0'0"E
27°10'0"N
27°5'0"N
27°0'0"N
26°55'0"N
E01
E02
E03
E04
E05
E06
E07
E08
E09
E10
E11
E12
E13
E14
E15
E16
E17
E18
E19
LEGEND
Eco Sensitive Zone Boundary
Wildlife Sanctuary Boundary
Eco Sensitive Zone
Wildlife Sanctuary

उपाबंध II(क)

नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य की सीमा के साथ भूमंडलीय स्थिति प्रणाली के बिंदुओं के निर्देशांक

क्र.सं.	सं.	देशांतर	अक्षांश
1	पू 01	75°47.371' पू	26°58.265' उ
2	पू 02	75°48.007' पू	26°59.880' उ
3	पू 03	75°49.285' पू	27°0.745' उ
4	पू 04	75°50.435' पू	27°2.456' उ
5	पू 05	75°52.463' पू	27°2.707' उ
6	पू 06	75°53.165' पू	27°1.782' उ
7	पू 07	75°52.473' पू	26°59.496' उ
8	पू 08	75°51.376' पू	26°59.165' उ
9	पू 09	75°50.513' पू	26°57.359' उ
10	पू 10	75°48.680' पू	26°56.040' उ
11	पू 11	75°48.127' पू	26°57.228' उ

उपाबंध II(ख)

नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के साथ भूमंडलीय स्थिति प्रणाली के निर्देशांकों के बिंदु

क्र.सं.	सं.	देशांतर	अक्षांश
1	पू 01	75°49.086' पू	27°1.275' उ
2	पू 02	75°49.701' पू	27°3.207' उ
3	पू 03	75°51.057' पू	27°3.983' उ
4	पू 04	75°51.308' पू	27°4.720' उ
5	पू 05	75°52.545' पू	27°5.842' उ
6	पू 06	75°53.940' पू	27°6.855' उ
7	पू 07	75°54.792' पू	27°3.561' उ
8	पू 08	75°56.743' पू	27°8.287' उ
9	पू 09	75°57.626' पू	27°6.676' उ
10	पू 10	75°56.095' पू	27°6.325' उ
11	पू 11	75°55.338' पू	27°4.929' उ
12	पू 12	75°54.020' पू	27°2.576' उ
13	पू 13	75°53.122' पू	26°59.305' उ
14	पू 14	75°52.234' पू	26°57.750' उ
15	पू 15	75°51.088' पू	26°57.243' उ
16	पू 16	75°48.772' पू	26°55.913' उ
17	पू 17	75°46.908' पू	26°56.384' उ
18	पू 18	75°47.830' पू	26°57.569' उ
19	पू 19	75°47.542' पू	26°59.496' उ

उपाबंध III

प्रस्तावित पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमाओं का वर्णन

नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमाओ को चित्रांकित करने के लिए, राजस्व विभाग द्वारा दिए गए सभी संरचनाओं, निवास स्थानों, सार्वजनिक संस्थानों, औद्योगिक क्षेत्रो, धार्मिक स्थानो और अन्य सार्वजनिक स्थानो को उपाबंध में दिए गए मानचित्र में चिंहित किया गया है। भू-मंडलीय स्थिति प्रणाली बिन्दुओं को 1 से 100 तक के संख्यों द्वारा मानचित्र मेs अभयारण्य की सीमा पर अंकित किया गया है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा भू-मंडलीय स्थिति प्रणाली के बिन्दुओं को तदापुरांत 101 से 340 तक के अंको द्वारा मानचित्र में चिंहित किया गया है। मानचित्र उपाबंध III में उपाबद्ध है। पारिस्थितिकी संवेदी जोन की निर्धारित सीमाओं को भू-मंडलीय स्थिति बिन्दुओं द्वारा निम्न प्रकार मानचित्र में दर्शाया गया है-

उत्तरी सीमा : पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमाओ पर भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु संख्या 186 संरक्षित वन के ब्लाक कि सीमा पर अमेर,-54 और पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा पर सम्मिलित ग्राम भगवारा, सिंगवाना, छिप्पारदी, जैतुपरा किन्ची, अचरोंल, अंधी, लाबाना, गुनावाना, धंध, हरबर से कुकास से भू-मंडलीय स्थिति प्रणाली बिन्दु संख्या 274, से 13 किलोमीटर होगा। पारिस्थितिकी संवेदी जोन कि सीमा से भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु संख्या 186 से 174 तक, संरक्षित वन अमेर-54 के सह-टर्मिनल होगें। और संपूर्ण संरक्षित वन क्षेत्र, इन भू-मंडलीय स्थिति प्रणाली बिन्दुओं के मध्य स्थिर होगा।

पूर्वी सीमा : पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार भू-मंडलीय स्थिति प्रणाली बिन्दु संख्या 275 से 284 संरक्षित वन ब्लाक सीमा, भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु संख्या 284 से 285, राष्ट्रीय सड़क सं.8 (अब एनएच-II-सी) के साथ-साथ होगा, भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु संख्या 285 से 299, अभयारण्य सीमा 100 से 400 मीटर होगा। इसी तरह, एनएच 8 (अब II सी) कि सीमा के साथ-साथ भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु 299 से 301 पारिस्थितिकी संवेदी जोन में होगे। अभयारण्य सीमा से भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु 324 से 329 पारिस्थितिकी संवेदी जोन कि सीमा में होंगे जिसमें राजमल का तालाब सम्मिलित है। भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु 301 से 329 पारिस्थितिकी संवेदी जोन का विस्तार 100 मीटर से 20 किलोमीटर होगा।

दक्षिणी सीमा : पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा के भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु 329 से 340 और 101 की अभयारण्य कि सीमा के सह टर्मिनल तक होगा। भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु 101 से 104 संरक्षित वन ब्लाक अमेर-54 की सीमा के सह-टर्मिनल होंगे। भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु 104 से 108 तक अभयारण्य की सीमा सह-टर्मिनल होंगे। भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु संख्या 108 से 147, अमीनाशाह नूल्लाह कि प्राकृतिक सीमा के साथ-साथ होंगे।

पश्चिमी सीमा : अभयारण्य की सीमा से, पारिस्थितिकी संवेदी जोन की सीमा पर, भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु सं. 147 से 160 सह-विस्तारित होंगे। भू-मंडलीय स्थिति बिन्दु 160 से 186 तक 50 मीटर से 2 किलोमीटर होगा। जिसमें भाव सागर, अखेपुरा, बढ़ागाँव, भारिया, भीजयगढ़ क्षेत्र सम्मिलित है। ये सभी संदर्भित बिन्दु उपाबंध III मे प्रदर्शित है।

उपाबंध IV

नाहरगढ़ वन्यजीव अभयारण्य और इसके पारिस्थितिकी संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के भू-निर्देशांक

क्र. सं.	अभयारण्य ग्राम के नाम	अक्षांश	देशांतर
1	नाहरगढ़	26°56'15.08"उ	75°48'55.70" पू
2	आमेर	26°59'8.19"उ	75°51'4.82"पू
3	चिमनपुरा	27° 1'23.51"उ	75°54'4.74"पू
4	कुकास	27° 1'50.37"उ	75°53'24.08"पू
5	नेतीवास	27° 1'39.28"उ	75°52'25.41"पू
6	खुर्द	27° 2'4.37"उ	75°53'7.23"पू
7	तेलादा	27° 2'41.57"उ	75°52'25.42"पू
8	बेडेगांव झरखेया	27° 2'14.47"उ	75°51'22.67"पू
9	सिसियावास	27° 0'37.93"उ	75°50'51.32"पू
10	अकेदा	27° 0'25.41"उ	75°48'45.67"पू
11	जेसला	26°59'36.43"उ	75°49'17.09"पू
12	पेपाद	26°58'4.10"उ	75°47'41.57"पू
13	किशनबाग	26°57'5.81"उ	75°46'54.65"पू

क्र. सं.	पारिस्थितिकी संवेदी जोन के ग्राम के नाम	अक्षांश	देशांतर
1	कुकास	27° 1'50.37"उ	75°53'24.08"पू
2	हरवार	27° 3'58.08"उ	75°56'25.90"पू
3	धन्द	27° 4'44.03"उ	75°56'20.66"पू
4	गुनावाता	27° 5'34.61"उ	75°56'57.21"पू
5	लाबाना	27° 6'38.16"उ	75°57'45.56"पू
6	अनी	27° 7'5.48"उ	75°59'7.83"पू
7	अचोराल	27° 8'8.37"उ	75°58'20.78"पू
8	जैतपुरा किनची	27° 7'58.38"उ	75°55'2.24"पू
9	छिप्परारी	27° 6'44.47"उ	75°54'51.62"पू
10	सिंहाना	28° 5'52.77"उ	75°50'0.01"पू
11	चोकालयावास उर्फ केचरेवाला	27° 4'30.74"उ	75°55'2.22"पू
12	भगवाडा	27° 5'28.14"उ	75°50'51.42"पू
13	दौलतपुरा	27° 4'46.15"उ	75°49'53.80"पू

उपाबंध V

पारिस्थितिकी संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तारीख ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना ।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए कार्यवाही किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली क्रियाकलापों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरों को पृथक् उपाबंध के रूप में संलग्न किया जा सकेगा।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 11th September, 2017

S.O. 2995(E).—The following draft of the notification, which the Central Government proposes to issue in exercise of the powers conferred by sub-section (1), read with clause (v) and clause (xiv) of sub-section (2) and sub-section (3) of section 3 of the Environment (Protection) Act, 1986 (29 of 1986) is hereby published, as required under sub-rule (3) of rule 5 of the Environment (Protection) Rules, 1986, for the information of the public likely to be affected thereby; and notice is hereby given that the said draft notification shall be taken into consideration on or after the expiry of a period of sixty days from the date on which copies of the Gazette containing this notification are made available to the public;

Any person interested in making any objections or suggestions on the proposals contained in the draft notification may forward the same in writing, for consideration of the Central Government within the period specified above to the Secretary, Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Indira Paryavaran Bhawan, Jorbagh Road, Aliganj, New Delhi-110003, or send it to the e-mail address of the Ministry at eszmef@nic.in.

Draft Notification

WHEREAS, the Nahargarh Wildlife Sanctuary lying between latitudes $26^0$56'15.08''N & $26^0$57'5.81''N and longitudes $75^0$48'55.70''E & $75^0$46'54.65''E and notified vide Government of Rajasthan notification No. F11(39) Revenue/8/80 of dated the 22nd September,1980 is situated in the Aravalli ranges at Amber hills, Jaipur District of Rajasthan and is spread over an area of 52.40 square kilometers;

AND WHEREAS, the Sanctuary has ''Tropical Dry Deciduous Forest'' and "Tropical Thorn Forest" as per classification of Champion and Seth. The forest is spread over the area on various geological and soil formations and hilly terrain of Aravalis and hence varies in composition;

